**<u>न्यायालयः– दशम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ग्वालियर म0प्र0</u>**

<u>रजिस्ट्रेशन नं0– 1666 / 2022</u>
<u>फाइलिंग नं0–19309 / 2022</u>
<u>सी.एन.आर. नं0–एम.पी. 0701–024905–2022</u>
<u>फाइलिंग दिनांक 29 / 09 / 2022</u>

सतविन्दर सिंह पुत्र रतन सिंह आयु 57 वर्ष
व्यवसाय ड्रायवरी निवासी गुरुनानक नगर
बहोडापुर जिला ग्वालियर म0प्र0................. **<u>आवेदक</u>**

**बनाम**

1. राजवीर सिंह पुत्र मुंशीलाल
निवासी बाग किशौरा नगर केशरी
छीतापुरा बीरेई संईयां जिला आगरा उ0प्र0
ड्रायवर ट्रक कमांक आर.जे. 11जीए 3891
2. विजेन्द्र सिंह पुत्र मुंशीलाल
निवासी बाग किशौरा नगर केशरी
छीतापुरा बीरेई संईयां जिला आगरा उ0प्र0
मालिक ट्रक कमांक आर.जे. 11जीए 3891
3. दि न्यू इण्डिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा
डिवीजनल मैनेजर मण्डल कार्यालय एल.आई.सी.
ऑफिस के पास सिटी सेंटर
जिला ग्वालियर म0प्र0 .......... **अनावेदकगण**

<u>/ /अधिनिर्णय/ /</u>

<u>(आज दिनांक 09 / 12 / 2023 को राजीनामा के आधार पर पारित)</u>

आज दिनांक को आयोजित नेशनल लोक अदालत में इस खंडपीठ के समक्ष आवेदक व अनावेदक कमांक 03 बीमा कंपनी के अधिवक्ता ने उपस्थित होकर इस आशय का राजीनामा आवेदन पेश किया कि उनके मध्य 1,00,000 / –रुपये (एक लाख रुपये मात्र) में राजीनामा हुआ है। यह राजीनामा पक्षकारों के हित एवं विधि के अनुरुप है। उभयपक्ष द्वारा स्वस्थ मानसिक दशा में स्वतंत्र सहमति से राजीनामा किया जाना व्यक्त किया गया है। अतः विचारोपरांत राजीनामा स्वीकार कर निम्मानुसार अधिनिर्णय पारित किया जाता है:–

(1) अनावेदक क0–3 बीमा कंपनी, आवेदक को दो माह के अन्दर क्षतिपूर्ति की राशि के रूप में कुल 1,00,000 / –रुपये (एक लाख रुपये मात्र) अदा करेगी, विलम्ब होने पर उक्त राशि पर आदेश

दिनांक से 06 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ब्याज की राशि देय होगी।

(2) यदि पूर्व में अन्तरिम क्षतिपूर्ति की राशि दी गई है तो वह राशि इस राशि में समायोजित की जावे।

(3) क्षतिपूर्ति राशि जमा होने पर सम्पूर्ण राशि बचत खाते के माध्यम से आवेदक को अदा की जावे।

(4) उभयपक्ष अपना–अपना व्यय वहन करेंगे।

(5) आदेश नियमानुसार सी.आई.एस. में अपलोड किया जावे।

ASHRAF ALI

Digitally signed by ASHRAF ALI
Date: 2023.12.09 16:30:49 +0530

**{अशरफ अली}**
पीठासीन अधिकारी,
नेशनल लोक अदालत,
खण्डपीठ क्र.–07, ग्वालियर

**{दिलीप ठाकुर}**
**सदस्य क.–1**
खण्डपीठ क्र.–07, ग्वालियर

**{लव यादव}**
**सदस्य क.–2**
खण्डपीठ क्र.–07, ग्वालियर